## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य प्रशासनिक सेवा के 6 अफसरों का ट्रांसफर

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों का तबादला किया है। मंगलवार शाम जारी आदेश के अनुसार शिव कुमार बनर्जी अपर कलेक्टर बिलासपुर से उप सचिव मंत्रालय, राम प्रसाद चौहान मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिलासपुर से उप सचिव मंत्रालय, उमेश कुमार पटेल अवर सचिव राजस्व और आपदा से वाणिज्य और उद्योग विभाग मंत्रालय, श्रीकांत वर्मा संयुक्त कलेक्टर कोरबा से अतिरिक्त संचालक पंचायत संचालनालय, दुष्यंत कुमार संयुक्त कलेक्टर सक्ती से अतिरिकत मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण, अनुपम आशीष टोप्पो डिप्टी कलेक्टर से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिप्स का तबादला किया गया है।

### राशनकार्ड नवीनीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** अब तक शेष बचे हितग्राहियों के लाभ के लिए राशन कार्ड नवीनीकरण कराने के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक का अवसर है। वन नेशन वन कार्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही परिवार के सभी सदस्यों के आधारकार्ड और अंगूठे का ईकेवाईसी करना अनिवार्य है। इसमें परिवार के सदस्य छत्तीसगढ़ के अलग अलग स्थानों में निवास कर रहे हैं तो वे सदस्य अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपना ईकेवाईसी और राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य पूरा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राशन कार्ड का चालू हालत में होना बहुत जरुरी कार्य है। इस कार्ड की आवश्यकता राशन के अलावा केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं के लाभ के लिए एक प्रमुख दस्तावेज है। इन योजनाओं में राशन, आवास, इलाज, छात्रवृत्ति, शिक्षा, लोन आदि शामिल हैं। प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड नवीनीकरण कराना नितांत आवश्यक कार्य है।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ख्याति प्राप्त इच्छुक कलाकारों से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पर जिले में आयोजित राज्योत्सव में अपने कला का प्रदर्शन करने के इच्छुक, जिले के निवासी कलाकार जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, अंतर्राज्यीय, राज्य और संभाग स्तर में अपने सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन किया है, वो अपना नाम, पता, विधा का नाम, मोबाइल नंबर, पुरस्कार आदि का विवरण देते हुए आवेदन पत्र 30 अक्टूबर तक कार्यालय परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला पंचायत खेलभाटा मैदान के पास सारंगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

### निशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए 30 अक्टूबर तक ईमेल पर आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण युवाओं से निशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए 30 अक्टूबर 2024 तक अपना आवेदन रोजगार कार्यालय के ईमेल distt-empraigarh@cg.gov.in पर भेज सकते हैं

# खसरा सत्यापन की जानकारी ऑनलाइन करें दर्ज- सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

- 5 नवंबर को राज्योत्सव, अधिकारियों को तैयारी के निर्देश
- साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित





**रायगढ़**

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने गिरदावरी के तहत खसरों के सत्यापन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि ऐसे राजस्व विभाग के अधिकारी आरआई पटवारी जिनकी सत्यापन में ड्यूटी लगी है वे अनिवार्य रूप से फील्ड निरीक्षण कर उसकी जानकारी एप में ऑनलाइन दर्ज करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

सीईओ यादव ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति धीमे होने को लेकर सीएमएचओ से कहा कि ग्रामीण इलाकों में छुटे हुए लोगों के कार्ड बनाने का काम तेज करें। बीएमओ से रिपोर्ट लें और फील्ड स्टाफ की नियमित मॉनिटरिंग करें। शहरी इलाकों में भी फोकस बढ़ाएं। काम में प्रगति नजर आनी चाहिए। बैठक में त्यौहारों में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर अधिकारियों को सजग रहने के निर्देश दिए गए। सभी एसडीएम, तहसीलदार के साथ पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र में त्यौहारों के दौरान लगातार मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए कहा गया। सीईओ यादव ने कहा कि जनदर्शन में मिले आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। जिसका निराकरण हो चुका है उसकी जानकारी अपडेट की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**5 को राज्योत्सव, तैयारी के निर्देश**

सीईओ यादव ने कहा कि 5 नवंबर को जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाना है। इसके लिए कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार आयोजन स्थल शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में मंच, बैठक व्यवस्था की तैयारी के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही राज्योत्सव के सफल आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों को जो दायित्व दिए गए हैं उन्हें समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि राज्योत्सव में विभागीय योजनाओं के स्टॉल्स के साथ शाम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# धनतेरस बाजार का एसपी ने किया सुरक्षा निरीक्षण

- बाइक और पैदल किये मुख्य बाजार का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सुरक्षा व सुगम यातायात बनाने के दिए निर्देश

**रायगढ़**

धनतेरस के अवसर पर जिला मुख्यालय में सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए। शाम एसपी दिव्यांग पटेल ने स्वयं बाइक पर सवार होकर धनतेरस बाजार का भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी बाइकों पर बाजार क्षेत्र का दौरा किया।

इस टीम में एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, आकाश मरकाम, डीएसपी अखिलेश कौशिक, ट्रैफिक डीएसपी रमेश चन्द्रा और नगर निरीक्षक सुखनंद पटेल शामिल थे। टीम ने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए पैदल पेट्रोलिंग भी की और यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने ड्यूटी पर तैनात जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और त्योहारी भीड़ में नागरिकों को सुरक्षित माहौल का आश्वासन दिया।

एसपी दिव्यांग पटेल ने जानकारी दी कि धनतेरस और दीपावली के अवसर पर 29 से 31 अक्टूबर तक विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत एडिशनल एसपी आकाश मरकाम को सुरक्षा व्यवस्था प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिन्हें डीएसपी अखिलेश कौशिक और चारों नगर निरीक्षकों की सहायता प्राप्त होगी। भीड़भाड़ वाले चिन्हित चौक-चौराहों पर सशस्त्र बल तैनात किए गए हैं और शहर के चारों थाना क्षेत्रों में दो-दो पेट्रोलिंग टीमें निरंतर गश्त करेंगी।

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यातायात पेट्रोलिंग टीमें भी सक्रिय रहेंगी, जो प्रमुख बाजार क्षेत्रों में यातायात की देखरेख करेंगी। इसी प्रकार तहसील क्षेत्रों में भी एसडीओपी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देंगे, ताकि नागरिक त्योहारी माहौल का आनंद सुरक्षित रूप से ले सकें।

### रायगढ़ में करंट से 3 हाथियों की मौत

# बीट गार्ड व डिप्टी रेंजर निलंबित, डीफ़ओ ने बिजली विभाग को भेजा नोटिस

**रायगढ़ | आरएनएस**



धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथी मानव द्वंद की घटनाएं आम हो चुकी है। हाथी आए दिन करंट से असमय जान गंवा रहे है। कलेक्टर ने करंट और हाईटेंशन तार के लूज पाइंट को चिन्हित कर हाथियों को बचाने प्रयास की गई थी। वन व बिजली विभाग संयुक्त रूप से सामंजस्य बनाकर चिन्हित 296 पाइंट को दुरुस्त करने का प्रस्ताव मुख्यायल में भेजते हुए सुधार करने का निर्देश दिया गया था, विडंबना यह रहा कि दोनों विभाग ने दिलचस्पी नही दिखाई। एक साथ तीन हाथियों के मौत के मामले में हाथियों की सुरक्षा की लापरवाही के चलते बीट गार्ड सन्यासी सिदार व डिप्टी रेंजर अजय खेत को विभाग ने निलंबित कर दिया है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में जनवरी माह में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय हाथी सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले में विद्युत करंट से हुई हाथियों की मृत्यु के संबंध में समीक्षा की गई। जिसमे यह जानकारी सामने आई कि बीते वर्ष 2023 में 10 हाथी की मृत्यु हुई हैं जिसके पीछे की वजह मानव द्वंद है। 6 हाथियों में से एक हाथी की मृत्यु विद्युत तार की मानक ऊंचाई से कम होने पर उसकी चपेट में आने से हुई।

### नगरीय निकाय निर्वाचन : दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

#### 27 नवंबर को होगा निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया था। जिसके अनुसार दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर 2024 बुधवार अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है। इसी तरह प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 तक निर्धारित की गई है। इसी तरह दावे/आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर कराना निर्धारित किया गया है तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 27 नवम्बर 2024 को किया जाएगा।

# जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अपर कलेक्टर पाण्डेय ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़**



जिला स्तरीय आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा, आवास निर्माण, आर्थिक सहायता राशि जैसे विभिन्न आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं, शिकायतें सुनी और उनसे आवेदन प्राप्त किए।

स्वामी आत्मानंद शा.उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोतरा, रायगढ़ के शाला प्रबंध एवं विकास समिति के लोग सेजेस कोतरा के मुख्य गेट जीर्णोद्धार कराने संबंधी आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मुख्य गेट में जीर्णोद्धार मरम्मत किया जा रहा है। जिसकी ऊँचाई एवं चौड़ाई भविष्य को देखते हुए कम हो जा रही है। जिससे बड़ी गाडिय़ां के प्रवेश में असुविधा होगी। उन्होंने इसकी चौड़ाई एवं ऊंचाई बढ़वाकर जीर्णोद्धार कराने की बात कही। ग्राम-कोतरा के ललित कुमार पटेल नाली एवं गली को पक्का कराने हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनके घर के सामने जो गली गयी है वह कच्चा रास्ता है और घर के सामने ही अन्य लोगों का पानी बह रहा है। जिससे गली में पूरी तरह से गंदगी फैली हुई है और बदबू आ रही है। जिससे बीमारी फैलने की आशंका है। भोलाराम निषाद ड्रायविंग लाईसेंस जारी कराये जाने संबंधी आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने रायगढ़ परिवहन विभाग में ड्रायविंग लाईसेंस के लिए आवेदन किया था। विभागीय नियमानुसार सारे दस्तावेज भी जमा कर दिए गए है और ड्रायविंग टेस्ट भी हो चुका है। बीते एक साल के बावजूद भी आज दिनांक तक ड्रायविंग लाईसेंस अप्राप्त है। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव निराकरण के निर्देश दिए।

# बड़े भाई और बहनों की सहमति के पश्चात ही छोटे भाई को दी गई अनुकंपा नियुक्ति-सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी

**रायगढ़**

वारिस के जगह दूसरे पति के बेटे को दे दी नौकरी के संबंध में खबरे प्रकाशित हुई थी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदिका किरण निषाद पति शैलेन्द्र निषाद वर्तमान पता-रतनपाली, तह सक्ती, जिला-सक्ती के आवेदन पर जांच कार्यवाही की गई। मृतक शासकीय सेवक के आश्रित सदस्यों (श्री शैलेन्द्र, कु.सुनिता, कु.सोनी एवं आकाश तहसीलदार) को बयान हेतु 18 सितम्बर 2024 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिला चयन समिति के समक्ष बयान हेतु बुलाया गया था। चयन समिति द्वारा सभी आश्रितों का लिखित बयान लिया गया। जांच अधिकारी द्वारा 23 अक्टूबर 2024 को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जांच प्रतिवेदन एवं आश्रितों के बयान तथा उपलब्ध अभिलेख अनुसार शैलेन्द्र (मृतिका के बड़े पुत्र) सुनीता एवं सोनिया (मृतिका की पुत्री) तथा आकाश तहसीलदार (आवेदक-सहमतिग्रहिता)द्वारा 50 रुपये भारतीय गैर न्यायिक स्टाम्प में 20 अक्टूबर 2022 को हस्ताक्षरित सहमति दिया गया है। सेवा अभिलेख के परिवार विवरण में भी उक्त चारों का नाम उल्लेखित है तथा न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ छ.ग.के पत्र क्रमांक के द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र में क्रमश: शैलेन्द्र निषाद आ.स्व. निरन्तर प्रसाद निषाद, कु.सुनीता निषाद आ.स्व.निरन्तर प्रसाद निषाद, सोनिया निषाद आ.स्व.निरन्तर प्रसाद निषाद एवं आकाश तहसीलदार आ.सुशांत तहसीलदार उल्लेखित है, प्राप्त होने के उपरांत ही चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर आकाश तहसीलदार (आवेदक-मृतिका के छोटे पुत्र)को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया गया है, किसी अयोग्य या अपात्र व्यक्ति को अनुकम्पा नियुक्ति नहीं दिया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर के पत्र क्रमांक अनुसार (अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में जारी एकजाई पुनरीक्षित निर्देश-2013 एवं उसमें समय-समय पर किए गए संशोधनों का समावेश करते हुए निर्देशों का अद्यतन संकलन) की कंडिका 20 (2)अनुसार आश्रित परिवार के किसी सदस्य को दी गई अनुकम्पा नियुक्ति परिवार के किसी अन्य सदस्य को हस्तांतरित नहीं होगी उल्लेखित है। इस प्रकार बड़े भाई शैलेन्द्र निषाद, दोनों बड़ी बहन सुनीता निषाद व सोनिया निषाद के सहमति उपरांत मृतिका सुशीला निषाद के छोटे पुत्र को पात्रतानुसार अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है।

# सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का हुआ आयोजन




**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 29 अक्टूबर 2024 को सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर रायगढ़ स्टेडियम में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव की अगुआई में किया गया।

इस दौड़ में शामिल होकर लोगों ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में स्थानीय स्कूल के छात्रों के साथ डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, डीपीओ देवेंद्र वर्मा, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, भूपेंद्र पटेल, आलोक स्वर्णकार, एबीईओ द्वारिका पटेल, क्रीड़ा अधिकारी जीवन लाल नायक, बाल कृष्ण डनसेना, चंद्रमणि गुप्ता एवं स्थानीय शालाओं के प्रभारी वेणु आडवाणी, राजेन्द्र कलैत, प्रशांत मिश्रा ने भाग लिया।

# क्लर्क सहित 2 लोगों की सड़क हादसे में मौत

**रायगढ़ | आरएनएस**

जिले में दो अलग-अलग सडक़ हादसों में 2 लोगों की मौत हो गई। मामला छाल थाना और लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। पहले मामले में एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरे मामले में एक युवक ट्रैक्टर से गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार छाल थाना क्षेत्र के हाटी में रहने वाला अनुदीपक लकड़ा ने थाने में सूचना दी। उसका बड़ा भाई आसमिन लकड़ा (35) शासकीय उच्चतर माध्यमकि विद्यालय फगुरम जिला सक्ती में बाबू के पद पर पदस्थ था, जो ग्राम हाटी से रोजाना काम पर आना जाना करता था।अनुदीप लकड़ा ने बताया कि सोमवार को आसमिन लकड़ा अपनी बाइक पर सवार होकर ड्यूटी जाने के लिए घर से निकला था, तभी शाम को 7 बजे फोन से उसे सूचना मिली कि तरेकेला पुलिया के पास उसके बड़े भाई का एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद वह तत्काल मौके पर पहुंचा। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मारी है।

इससे उसके सिर, गला के अलावा शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट पहुंची है, जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। वहीं उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एक लाख से अधिक के नकली नोट बरामद, एक युवक गिरफ्तार

**कोंडागांव | आरएनएस**



कोंडागांव-फरसगांव पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक लाख पांच हजार रुपए के नकली नोट बरामद किया है। युवक के पास से 500-500 रुपए मूल्य के 210 नोट मिले है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के बिना नम्बर के पेसन प्रो मोटर सायकल में नकली नोट को खपाने के लिए माकड़ी से फरसगांव की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने फरसगांव-माकड़ी रो पर पासंगी पुलिया के आगे नाकेबंदी कर मुखबीर द्वारा बताया गये मोटरसायकल सवार युवक को रोका। पूछने पर युवक ने अपना नाम राजेश सोरी पिता धन्नूराम सोरी (32 वर्ष) निवासी गुहाबोरण्ड, नयापारा, थाना फरसगांव, जिला कोण्डागांव का होना बताया। जिसके बाद पुलिस ने उसके पास रखे पि्ू बैग की तलाशी ली तो उसमें से 500-500 रुपए के 200 नोट कुल 01 लाख रुपए के नकली नोट मिले। जिसे जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुछताछ में आरोपी ने अपने घर में और नकली नोट होने की जानकारी दी जिसपर पुलिस ने आरोपी के घर से 500-500 रुपए के 10 और नकली नोट बरामद किए है। इस प्रकार आरोपी के पास से कुल एक लाख पांच हजार रुपए का नकली नोट जब्त किया गया है। पुलिस ने युवक द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बिना नंबर वाले नीले रंग की बाइक को भी जब्त किया है। जिसमें कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष लिखा था। मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### समिति में धान बिक्री के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** आगामी माह में धान खरीदी के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ शासन ने किसानों से धान खरीदी की सुगमता के लिए खरीफ 2024-25 में नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड हेतु 31 अक्टूबर 2024 तक पंजीयन किया जाएगा। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करवा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं ताकि धान विक्रय करने वाले किसान कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो।

# एएसआई पर लगा दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**जांजगीर | आरएनएस**

जिले के कोतवाली थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक के खिलाफ एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का का अपराध दर्ज हुआ है। पीड़ित महिला ने एएसआई पर दो बार दवाई खिलाकर गर्भपात करवाने का भी आरोपी लगाया है। मामले में अकलतरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर जिले के कोतवाली थाने में एएसआई बलवंत धृत लहरे पदस्थ है, जिसके खिलाफ एक महिला ने अकलतरा थाना में अपराध दर्ज करवाया। महिला अकलतरा थाना क्षेत्र की ही रहने वाली है। बलवंत सुधीर लहरें बिलासपुर जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र का मूल निवासी है और जांजगीर जिले में पदस्थ है। महिला की शिकायत के अनुसार उसकी शादी कोरबा निवासी अधिवक्ता से हुई थी। पति-पत्नी के बीच नहीं बनी और तब से महिला अपने पति को छोडक़र अकलतरा क्षेत्र में रह रही।

4 अगस्त 2023 को जांजगीर जिले के कोतवाली थाने में पदस्थ बलवंत धृतलहरें अपने घर वालों के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और शादी करने की बात कहीं। पीड़िता ने जब बताया कि उसका तलाक नहीं हुआ है और तलाक का मामला अदालत में लंबित है। तब एएसआई ने बताया कि वह जांजगीर कोतवाली में पदस्थ है और उसके सारे मामले सुलझा देगा। इसके बाद 11 अगस्त 2023 को गिरौदपुरी ले जाकर सामाजिक रीति-रिवाज से शादी कर ली। एएसआई बलवंत धृतलहरे को अकलतरा थाना में पदस्थ रहने के दौरान शासकीय क्वार्टर एलॉट है। उसी क्वार्टर में महिला को लेकर एएसआई रहने लगा।

इस दौरान शारीरिक संबंधों से वह दो बार गर्भवती भी हुई। इस दौरान टैबलेट आदि खिलाकर एएसआई ने उसका अबॉर्शन करवा दिया। इसके बाद उसे पत्नी मानने से इनकार कर लगातार मारपीट करने लगा। मारपीट से तंग आकर महिला अपने मायके आ कर रहने लगी।

सामाजिक लोगों के आपसी समझाइश पर महिला फिर से एएसआई के साथ रहने लगी। एएसआई के रवैये में कोई बदलाव नहीं आया और उसने मारपीट करते हुए महिला को घर से निकाल दिया। महिला एक बार फिर अपने मायके आकर रहने लगी।महिला ने अपनी शिकायत में बताया है कि 2 अगस्त 2024 को अदालत से उसका और उसके पूर्व वकील पति के मध्य तलाक हो गया। इसके बाद 11 अगस्त 2024 को वह फिर एएसआई बलवंत धृतलहरें के पास गई। पर फिर से बलवंत धृतलहरें ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। फिर महिला ने न्याय की गुहार लगा थानों के चक्कर काटना शुरु कर दिया। पर उसे न्याय नहीं मिल पा रहा था। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद अकलतरा थाने में एएसआई बलवंत धृतरलहरे के खिलाफ बलात्कार और गर्भपात का अपराध दर्ज किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480